Acharya Devvrat
Governor, Gujarat
Gandhinagar-382021

सत्यमेव जयते

D.O. NO. PPS-HG-4712-2020

आचार्य देवव्रत
राज्यपाल, गुजरात
गांधीनगर-३८२०२१

आदरणीय मन्त्री जी,

7 NOV 2020

सादर प्रणाम,

आशा है आप स्वस्थ और कुशल होंगे।

जल शक्ति मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय जल मिशन (National Water Mission) के "Catch the rain" अभियान द्वारा अत्यधिक Rain Water Harvesting Structures के निर्माण के साथ-साथ जल संरक्षण और जल संवर्धन के विविध कार्यों को बढ़ाना देने के संदर्भ में उचित कार्रवाई करने का अनुरोध करता हुआ आपका दिनांक 21 अक्टूबर, 2020 का पत्र मुझे प्राप्त हुआ है।

जैसा की आपको सुविदित है मैं स्वयं भी प्रकृति के संरक्षण हेतु वर्षा जल संचय, जल संग्रह, पर्यावरण संवर्धन, गौवंश संवर्धन, प्राकृतिक कृषि का प्रचार-प्रसार इत्यादि क्षेत्रों में हर संभव प्रयासरत रहता हूँ।

राज्य के राज्य वित्तपोषित विश्वविद्यालयों के उप-कुलपतियों और युवा छात्रों के साथ औपचारिक तथा अनौपचारिक संवादों के दौरान मैं हमेशा पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करने तथा उनका संवर्धन करनी की आवश्यकता पर ज़ोर देता रहता हूँ।

इस संदर्भ में आपको अवगत कराते हुए मुझे प्रसन्नता है कि राज्य सरकार द्वारा जल संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुआ है। हमारे राजभवन परिसर में भी इस संबंध में उचित कार्यवाही हो रही है। राज्य के विश्वविद्यालयों के उप-कुलपतियों को उनके विश्वविद्यालयों के परिसरों में जल संरक्षण एवं जल प्रबंधन सुनिश्चित करने हेतु हमने उचित निर्देश दिये हैं। हमारे कई विश्वविद्यालयों और उनसे संलग्न कॉलेजों में एकीकृत जल प्रबंधन के विषय को पाठ्यक्रम में समाविष्ट किया गया है तथा इसके लिए स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षा पर अभ्यास करने के पर्याप्त अवसर गुजरात में उपलब्ध है।

उपरोक्त सभी विषयों पर की गई या हो रही कार्यवाही की जानकारी देते हुए एक संक्षिप्त नोंध मैं इस पत्र के साथ संलग्न कर आपके अवलोकन हेतु आपको प्रेषित कर रहा हूँ।

सादर,

भवदीय,

(आचार्य देवव्रत)

संलग्न: संक्षिप्त नोंध

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत जी,
आदरणीय जल शक्ति मंत्रीश्री,
भारत सरकार,
210, श्रम शक्ति भवन,
रफी मार्ग,
नई दिल्ली110 001